# सरपंच, सचिव के प्रयास से ग्राम पंचायत टाटरी बनी आत्म निर्भर ग्राम पंचायत

मण्डला।

ग्राम पंचायत टाटरी,जन पद पंचायत नैनपुर जिला मण्डला में पदस्थ सचिव शत्रुघन पड़वार ने गत दिनों एक विशेष मुलाकात में मीडिया को बताया है कि यहा पर 30 वर्ष पुराने ग्राम पंचायत भवन का प्राथमिकता के साथ जीर्णोद्वार किया गया जिसमें बिजली फिटिंग, पुट्टी, काजारिया टाइल्स,पुताई, दरवाजा खिड़की में पेन्ट, पर्दा,शौचालय मरम्मत, नया कुर्सी टेबिल, रिमोट से चलने वाली पंखा कूलर आदि) से खूबसूरती सर्व सुविधायुक्त ग्राम पंचायत भवन बनाया गया है।







ग्राम पंचायत अपनी स्वयं के आय से पक्की दुकान का निर्माण कर रही है। पंचायत की सम्पत्ती बन रही है , जिससे पंचायत की आय बढ़ेगी। हर वर्ष सप्ताहिक बजार टाटरी को निलामी कर एक मुश्त राशि ग्राम पंचायत के बैंक खाते में जमा की जाती है, इस ग्राम पंचायत में आय के मुख्य साधन बजार,तालाब, कांजी हाउस, सम्पत्ति कर प्रकाश कर, जल कर, वैकल्पिक कर आदि आय के मुख्य स्त्रोत है, इस आय से पक्की दुकान निर्माण,बिजली बिल का भुगतान,भृत्य मानदेय, नलचालक मानदेय, सफाई कर्मी मानदेय एवं ग्राम पंचायत के आवश्यकतानुसार व्यय किए जाते है, इस ग्राम पंचायत के मृत्य श्री संतोष जघेला को प्रति माह दस हजार रुपये मानदेय ग्राम पंचायत अपनी स्वयं के आय पंचायत निधि से भुगतान करती है। तथा साल में एक बार मृत्य के लिए ग्राम पंचायत ड्रेस भी देती है।प्रधानमंत्री आवास योजना 178 हितग्राहियों को लाभान्वित किया गया है,शेष बचे कच्चे मकानों में रहने वाले पात्र हितग्राही यों का शत प्रतिशत सर्वे कार्य पूर्ण कर लिए गये है।खाद्यान्न पात्रता पर्ची से 348 परिवारों को राशन मिल रही है, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजनान्तर्गत 330 कृषकों को किसान सम्मान निधि मिल रहा है। मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजनान्तर्गत 413 बहनों को लाभान्वित किया गया है। वृद्धावस्था,दिव्यांग विधवा, कल्याणी, निराश्रित, कन्या अभिभावक ऐसे 173 पेंशन धारियों को हर माह पेंशन दी जा रही है, जल जीवन मिशन अन्तर्गत 423 परिवारों के घरों में नल जल योजना से पानी पहुँचाया जा रहा है, जल प्रदाय समय सारणी दृष्टिगत स्थानों में दीवार लेखन कार्य करा दी गई है ताकि सुगमतापूर्वक जल प्रदाय हो। मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजनान्तर्गत वर्ष 2025 में कुल 12 कन्याओं को प्रत्येक कन्याओं को 49000/रुपये से लाभान्वित किया गया है। इस ग्राम पंचायत में निवासरत सभी व्यक्तियों के EKYC से आधार कार्ड को समग्र से जोड़ दिया गया है। पंचायत सचिव शत्रुघन पड़वार ने श्री रामसिंह पिता चैन सिंह जाति बैगा( अनुसूचित जनजाति) को आधार सेन्टर ले जा कर पंचायत सचिव ने अपने स्वयं के राशि से आधार कार्ड, बैंक खाता खुलवा दिये गये है एवं ग्राम पंचायत से नया समग्र आईडी बना कर खाद्यान्न पात्रता पर्ची में नाम जोड़ कर राशन दिलवाया जा रहा है।

8 मार्च 2025 को महिला दिवस के अवसर पर ग्राम सभा बैठक में चाय के डिस्पोजल को बैन कर उपस्थित सभी महिलाओं को ग्राम पंचायत द्वारा निःशुल्क कांच के चाय कप वितरित किए गये है। जल गंगा संवर्धन अभियान 2025 के तहत सभी जलाशयों की साफ-सफाई एवं मनरेगा योजनान्तर्गत खेत तालाब निर्माण से सभी मजदूरों को रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। सामुदायिक स्वच्छता परिसर का रख रखाव सुगमता पूर्वक किया जा रहा है। गर्मी के मौसम के लिए सार्वजनिक पियाऊं की व्यवस्था की गई है। यहां के निर्वाचित सरपंच संजय मरकाम,उप सरपंच श्री शक्ति कुमार अवधिया पंचायत सचिव श्री शत्रुघन पड़वार एवं रोजगार सहायक सत्येन्द्र जघेला मोबिलाईजर श्रीमति प्रीति वरकड़े के द्वारा लगातार विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त आय एवं शासन की विभिन्न ग्राम विकास योजनाओं के अंतर्गत प्राप्त राशि से यहां पर अनेक निर्माण कार्यों को तकनीकी अमला के सहयोग से मूर्त रूप दिया गया है। जिससे यहां पर चारों तरफ ग्राम पंचायत टाटरी मैं निवासरत ग्रामीण जन समुदाय आज आत्म बने है और ग्राम पंचायत टाटरी भी ₹आत्म निर्भर ग्राम पंचायत बनी हुई है ।

## खबर संक्षेप

### दीपक कुशराम मंडला सांसद के निज सहायक नियुक्त



मण्डला। मण्डला सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते की अनुशंसा पर कलेक्टर कार्यालय के आदेशानुसार जिला योजना कार्यालय में पदस्थ लेखापाल दीपक कुशराम को मंडला लोकसभा सांसद कार्यालय का निज सहायक नियुक्त किया गया है। श्री कुशराम लगभग छः वर्ष पूर्व सांसद के निज सहायक के दायित्व में पदस्थ रह चुके है।

### नगरपरिषद बिछिया में सामान्य अवकाश घोषित

मण्डला। बिछिया नगर परिषद में आगामी 7 जुलाई को वार्ड क्रमांक 13 में उप चुनाव के लिए मतदान संपन्न कराया जायेगा। नगरीय निकाय उप निर्वाचन 2025 (पूर्वार्द्ध) के मतदान 7 जुलाई 2025 (सोमवार) को जिले के बिछिया नगर निकाय के वार्ड क्षेत्र में सामान्य अवकाश घोषित किया गया है। केवल संबंधित नगरीय निकाय निर्वाचन क्षेत्र के लिये परकाम्य लिखित अधिनियम (निगोशिएबल इन्स्ट्रमेटस एक्ट) 1881 (1881 का क्रमांक 26) की धारा 25 के अंतर्गत सार्वजनिक अवकाश भी घोषित किया गया है। उक्त प्रावधानों के तहत उप निर्वाचन 2025 (पूर्वार्द्ध) के मतदान के लिये 7 जुलाई 2025 (सोमवार) को नगरपरिषद बिछिया के वार्ड नं. 13 में पार्षद के रिक्त पद के निर्वाचन के लिए निर्वाचन क्षेत्र अंतर्गत स्थापित दुकानों/फैक्ट्रियों/ऑफिसों (कार्यालय) आदि में नियोजित कर्मचारियों को 7 जुलाई (सोमवार) का सार्वजनिक (सवैतनिक) अवकाश घोषित किया गया है।

### शासकीय महाविद्यालय अंजनिया में हुआ प्रवेशोत्सव का आयोजन

मण्डला। सत्र 2025-26 के प्रारंभ होने पर प्रभारी प्राचार्य एवं नोडल प्रवेश प्रभारी डॉ. नवीन कुमार हरदहा के मार्गदर्शन व डॉ. घनश्याम झरिया के संचालन में शासकीय महाविद्यालय अंजनिया में प्रवेशोत्सव का आयोजन किया गया। प्राचार्य द्वारा नव प्रवेशित विद्यार्थियों को कार्यक्रम का उद्देश्य, संस्थान की अकादमिक संस्कृति, मूल्य एवं संसाधनों से परिचय कराया गया। डॉ. विजय मौर्य ने शासन द्वारा प्रदाय की जाने वाली कल्याणकारी योजनाओं पर प्रकाश डालते हुए उपयोग की प्रक्रिया से परिचित कराते हुए व्यक्तित्व विकास में सहायक होना बताया। उपस्थित समस्त स्टॉफ ने विषय एवं नवीन शिक्षा नीति 2020 के संबंध में अपने-अपने विचार प्रकट किए।

### परामर्शदात्री समिति की बैठक संपन्न

मण्डला। कार्यालय जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला एवं बाल विकास मण्डला में विभागीय परामर्शदात्री समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को वर्दी प्रदाय, डी.पी.एफ. वार्षिक लेखा पर्ची चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को प्रदाय किया जाना, पात्रता अनुसार स्वीकृत समयमान वेतनमान संयुक्त संचालक कोष एवं लेखा से अनुमोदन, निमयानुसार एरियर्स का भुगतान किए जाने पर विस्तार से चर्चा की गई।

# भाजपा कार्यालय में मनाया गया डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती, कार्यकर्ताओं ने पुष्पांजलि अर्पित कर किया नमन






## डॉ. मुखर्जी एक राष्ट्र समर्पित जीवन व्यक्तित्व-मिश्रा

मण्डला।

भाजपा जिला कार्यालय में रविवार को जनसंघ के संस्थापक व प्रखर राष्ट्रवादी डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती मनाई गई। इस दौरान जिला कार्यालय पर आयोजित कार्यक्रम में उपस्थित प्रदेश की कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उइके, भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा, जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम, सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा, कार्यक्रम सह प्रभारी रवि सोनवानी, ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री राजेश पटेल, पूर्व जिलाध्यक्ष रोचीराम गुरवानी, बम्हनी नगर परिषद अध्यक्ष श्रीमती मीना हरदहा सहित भाजपा के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं ने डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की तस्वीर पर पुष्पांजलि अर्पित कर उन्हें नमन किया। इस अवसर कैबिनेट मंत्री श्रीमती संपतिया उईके ने कहा कि डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी शिक्षा, राजनीति, समाज और संस्कृति के सभी क्षेत्रों में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। वे वर्ष 1929 में बंगाल विधान परिषद के सदस्य बने और 1934 से 1938 तक कलकत्ता विश्वविद्यालय के सबसे कम उम्र के कुलपति भी रहे।डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी ने एक विचारधारा के लिए अपना पूरा जीवन लगाया। वे कभी सत्ता पर बैठने के लिए नहीं आए थे। वे अनेक बार सत्ता में आए और हमेशा विचारधारा के लिए सत्ता का त्याग भी किए थे। वही इस दौरान भाजपा जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल मिश्रा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सभी कार्यकर्ताओं को मुखर्जी के जीवन से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकार की जनहित योजनाओं के प्रचार-प्रसार पर जोर दिया। कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि वे इन योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाएं। उन्होंने कहा कि डॉ. मुखर्जी का जीवन हमें सिखाता है कि विचारों में दृढ़ता, देशभक्ति की भावना, और सच्चाई के लिए संघर्ष करना ही सच्चा नेतृत्व होता है। आज डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी के बारे में पूरा देश जानता है कि वो जिये देश के लिए, मेरे देश के लिए, और अमर हो गए देश के लिए, डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी मानते थे कि भारत केवल एक राजनीतिक सत्ता नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक इकाई है जिसकी आत्मा सनातन भारतीय परंपराओं में निहित है। उनका मानना था कि सभी भारतीय, चाहे उनकी भाषा, जाति या धर्म कुछ भी हो, एक साझी संस्कृति के उत्तराधिकारी हैं। वही जिला पंचायत अध्यक्ष संजय कुशराम ने कहा कि डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी जी भारतीय उद्योगों और स्वदेशी वस्तुओं के प्रबल समर्थक थे। वे चाहते थे कि भारत आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बने, जिससे विदेशी निर्भरता कम हो और स्वदेशी उद्योगों को प्रोत्साहन मिले। डॉ. मुखर्जी के दिखाए रास्ते पर चलते हुए प्रधानमंत्री जी ने स्वदेशी वस्तुओं के विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए मेक इन इंडिया जैसी पहल की नींव रखी। स्वदेशी वस्तुओं के उपभोग को बढ़ावा देने के लिए वोकल फॉर लोकल का मंत्र दिया तो वहीं देश और देश के नागरिक आत्मनिर्भर बने उसके लिए आत्मनिर्भर भारत अभियान का शुभारंभ किया। वही मंच का संचालन सांसद प्रतिनिधि जयदत्त झा ने किया। वही कार्यक्रम के अंत में मंडला के वरिष्ठ समाजसेवी अशोक पांडे ने निधन उपरांत उनको भाजपा कार्यकर्ता के द्वारा भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी, मोर्चा पदाधिकारी, वरिष्ठ कार्यकर्ता, मातृशक्ति, जनप्रतिनिधि, नगर मण्डल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# करोड़ों की सड़क में नाली अधूरी बनने से घरों में घुस रहा पानी



**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत बस स्टैंड नारायणगंज से कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल तक सीसी रोड बनाई गई जिसके आजू-बाजू नालियां बनी थी परंतु ठेकेदार द्वारा बस स्टैंड से कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल तक नालियां ना होने के कारण लोगों के घरों में पानी घुस रहा है जिससे लोग रात भर पानी घरों का करते हैं उन्होंने लिखित शिकायत जनपद पंचायत ग्राम पंचायत एवं तहसील में भी दी है परंतु अभी तक शेषनालियों का निर्माण नहीं हो पा रहा है लगातार शिकायत होने के बाद भी नालियां नहीं बनने से आसपास रहने वाले सड़क के किनारे लोगों के मकान हैं जिन पर पानी घरों में भर रहा है अतः अधिकारी से निवेदन है कि तत्काल नालियों का निर्माण कराया जाए।





# सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण करें - सीईओ जिला पंचायत

## जिला योजना भवन में समीक्षा बैठक का आयोजन

मण्डला।

जिला योजना भवन में सीएम हेल्पलाईन के प्रकरणों के निराकरण के संबंध में समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांश कूमट ने कहा कि सीएम हेल्पलाईन की शिकायतों का संतुष्टिपूर्वक निराकरण कराएं। जिले की ग्रेडिंग जारी होने में 2 सप्ताह का समय शेष है, अभी तक विभागों की संतुष्टि का प्रतिशत निराशाजनक है। उन्होंने कहा कि पिछले माह की शिकायतों के निराकरण के साथ-साथ 50 दिवस से अधिक की शिकायतों पर भी विभाग प्रमुख फोकस करें। जिन शिकायतों में निराकरण कराया जाना शासन स्तर पर निर्भर है उनके संबंध में कलेक्टर महोदय के माध्यम से विभाग को डीओ लेटर भिजवाना सुनिश्चित कराएं। सीईओ जिला पंचायत ने सभी जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि समग्र ईकेवाईसी तथा सामाजिक न्याय के संबंध में आई शिकायतों का दैनिक आधार पर लक्ष्य निर्धारित करते हुए निराकरण सुनिश्चित कराएं। टीएल प्रकरणों के संबंध में उन्होंने कहा कि समय पर प्रकरणों का निराकरण सुनिश्चित करें। निराकृत प्रकरणों के प्रतिवेदन संबंधी फाईल ई ऑफिस के माध्यम से प्रेषित करें। ऑफलाईन फाईलें स्वीकार नहीं की जाएंगी। न्यायालय की अवमानना एवं रिट पिटिशन के प्रकरणों के संबंध में उन्होंने कहा कि संबंधित प्रकरणों में समय पर कम्पलाईंस करें। रिट पिटिशन में न्यायालय द्वारा दिए गए डायरेक्शन का समय पर पालन सुनिश्चित कर प्रतिवेदन जमा कराएं। बैठक में आयुष्मान कार्ड, आरबीआई के निर्देशानुसार जनधन तथा सामाजिक सुरक्षा बीमा योजनाओं के कैम्प, मेडीकल बोर्ड, दिव्यांगता प्रमाण पत्र आदि विषयों पर समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर श्री जेपी यादव, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती क्षमा सराफ सहित संबंधित जिला अधिकारी बैठक में मौजूद रहे। समस्त एसडीएम, तहसीलदार, सीईओ जनपद पंचायत, सीएमओ नगरपालिका तथा बीएमओ वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से समीक्षा बैठक में शामिल हुए।

# 7 आरोपियों से 1 लाख 850 नगदी, 1 कार व 9 फ़ोन सहित 08.35 लाख का सामान जब्त



मण्डला।

मंडला पुलिस द्वारा जुआरियों के विरुद्ध बड़ी कार्यवाही करते हुए 07 आरोपियों को रंगे हाथों गिरफ्तार किया गया है। जिनके कब्जे से 01 लाख 850 रूपये, 09 मोबाईल फोन मौके से एक चार पहिया वाहन जब्त किया गया। पुलिस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम बोडाछपरी कुटवाही के जंगल में कुछ लोग ताश के पत्तों से हार-जीत का दांव लगाकर जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर एसडीओपी नैनपुर श्री मनीष राज के नेतृत्व मे थाना खटिया, चौकी टाटरी, एसडीओपी कार्यालय की टीम द्वारा कल दिनांक 06 जून 2025 को पुलिस बल के साथ संयुक्त रूप से बताए गए स्थान पर दबिश दी गई। थाना खटिया अंतर्गत जंगल में दबिश के दौरान पीले रंग की तिरपाल के नीचे ताश खेलते हुए 07 आरोपियों को घेराबंदी कर पकड़ा गया। पकड़े गए आरोपियों के नाम नीरज सोनी, शैलेन्द्र जयसवाल, मुकेश जांबरे, पवन सोनी, अनिश सहारे, वीरेंद्र दुबे एवं संतोष ऐठेकर हैं, जो विभिन्न स्थानों से आकर जंगल में जुआ खेल रहे थे। मौके से 1,00,850/- नकद राशि, 09 मोबाइल फोन, सिलेरियो कार क्रमांक MP51CA1460, 28 ताश की गड्डियां एवं एक तिरपाल सहित कुल 8,35,850/- की सामग्री विधिवत जब्त की गई। पकड़े गए आरोपियों का कृत्य धारा 13 जुआ एक्ट एवं धारा 112 भारतीय न्याय संहिता के अंतर्गत दंडनीय पाए जाने पर सभी आरोपियों के विरुद्ध थाना खटिया में अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है। मंडला पुलिस द्वारा जुआ-सट्टा जैसी सामाजिक बुराइयों के विरुद्ध निरंतर अभियान चलाया जा रहा है एवं प्राप्त सूचना पर लगातार कार्यवाही की जा रही हैं। उक्त कार्यवाई एसडीओपी नैनपुर के नेतृत्व में की गई, जिसमें थाना प्रभारी खटिया निरीक्षक कैलाश चंद चौहान, चौकी प्रभारी टाटरी उप निरीक्षक पुनीत बाजपेयी, उनि बीएस चिचाम, उनि दुर्गा भगत (नैनपुर), एएसआई कुंदन टेकाम, प्रधान आरक्षक अवधेश तिवारी, भूपेन्द्र, आरक्षक संजय मरकाम, मोहित पटले, योगेन्द्र, विलेन्द्र नायक, चाआर ललित एसडीओपी कार्यालय से अखिलेश सचान, सुरेन्द्र धुर्वे एवं सुरेश भटेरे की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

**खबर संक्षेप**

## उधारी के पैसा मांगने पर पिता पुत्र ने मिल कर की मारपीट

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** अक्सर देखा जाता है कि जब लोगों को पैसों की जरूरत होती है तो बडे ही प्रेम से उधार पैसा मांगने में कोई कसर नही छोड़ते है। जब उनको चुकाने का समय आता है तो मारपीट करने पर उतारू होने में पीछे नही रहते है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई बीते हुये दिवस समीपस्थ डोगरगांव पुलिस थाने के अंतर्गत ग्राम खड़ई में देखने मिली है जहां पर उधारी के पैसा मांगने की बात को लेकर प्रार्थी के साथ पिता पुत्र ने मिलकर मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई। घटना के संबंध में डोगरगांव पुलिस थाने से मिली जानकारी के अनुसार ग्राम सर्राटोला निवासी एक युवक द्वारा पुलिस थाने में अपनी शिकायत दर्ज कराते हुये बताया है कि मेरे पडौस के गांव खड़ाई में रहने वाला मिहीलाल ठाकुर मेरे साथ मिस्त्री का काम करथा था। जिसने जरूर पड़ने के लिये कुछ माह पहले प्रार्थी से दस हजार रूपया उधार मांगे तो प्रार्थी द्वारा उसे उधार पैसा देने के बाद जब प्रार्थी द्वारा उससे वापिस अपने पैसा मांगने के लिये खड़ाई पहुंचा तो मिही लाल तथा उसके लड़के द्वारा प्रार्थी के साथ मारपीट करते हुये चोटे पहुंचाई तथा उधार लिये पैसा मांगने पर जान से मारने की धमकी दी गई। घटना को लेकर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी पिता पुत्र के खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## अवैध रूप से हथियार लेकर घूमते हुये पकड़ा

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** पुलिस द्वारा नगर में शांति व्यवस्था बनाने के लिये संदिग्धों पर पैनी नजर रखी जा रही है। इसी के चलते बीते हुये दिवस पुलिस द्वारा गस्त के दौरान नगर के महाकाल तिरहा के पास एक व्यक्ति को देखकर भागने का प्रयास किये जाने के चलते पुलिस ने जब संदिग्ध युवक की घेराबंदी करते हुये पकड़कर पूछताछ की गई तो युवक ने अपना नाम जीशान उर्फ जाबाज खान पिता शेर खान उम्र 23 साल निवासी पप्पू सोनी के मकान के पास सूपाताल लड़िया मोहल्ला गढ़ा जबलपुर बताया गया। वही जब युवक की लाश ली गई तो उसके पास से पुलिस को एक तेज धारदार छुरा पाया गया तथा बगैर नम्बर की एक सुजुकी मोटर साईकिल जप्त की गई। इसी प्रकार से चीचली पुलिस द्वारा भी ग्राम छैनाकछार में वही के निवासी इन्द्रकुमार पिता बीरबल कौरव उम्र 28 वर्ष के पास से लोहे का धारदार हथियार जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत मामला कायम करते हुये गिरप्तार किया गया है।

## जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने किया पाली स्कूट का निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** समय समय पर यदि अधिकारियों द्वारा किसी शासकीय संस्था का निरीक्षण किया जाता रहता है तो निश्चित तौर से वहां की व्यवस्थाओं में काफी स्तर तक सुधार देखने मिलता है। कुछ इसी प्रकार से बीते हुये जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत आने वाले ग्राम पाली की शासकीय प्राथमिक शाला का जनपद पंचायत साईंखेड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी विशाल सोनी ने अचानक पहुंचकर निरीक्षण किया। बताया जाता है कि इस दौरान उनके साथ एसडीओ आरईएस शिवम पटैल भीम साथ थे। वही निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय परिसर, कक्षाओं एवं पुस्तकालय को देखा एवं बच्चों से शिक्षा संबंधी चर्चा करते हुये अनेक जानकारिया प्राप्त करने के साथ ही उन्होंने विद्यालय परिसर एवं वहां के शैक्षणिक माहौल की प्रसन्नता व्यक्त करते हुये कहा कि यहाँ सुव्यवस्थित कक्षाएं एवं पुस्तकालय सहित माहौल काफी अच्छा है। ऐसे माहौल मे बच्चे अच्छे से पढ़ाई कर सकते है। यहाँ पढ़ाई के लिए डिजिटल बोर्ड है। इस नवाचार का उपयोग यहाँ के प्रधान पाठक सिराज अहमद सिद्धिकी एवं ब्रजेश श्रीवास बेहतर ढंग से करते है।

**शहर के इंदिरा काम्पलेक्स सामने एकत्र हुये ताजियों के सामने लोभान अर्पित करते हुए मांगी खुशहाली की मन्नत**

# मातमी पर्व मोहर्रम का ताजिया विसर्जन के साथ आज होगा समापन

# कल रिमझिम बारिश के बीच नगर में निकाले गये ताजिये







**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

नगर में सर्वधर्म सद्भावना के साथ इस वर्ष देव शयनी ग्यारस के दिन पड़ने के चलते धार्मिक आयोजनों की धूम के बीच मोहर्रम की धूम नगर में देखी जा रही है। इसी के चलते 10 दिवसीय मातमी पर्व मोहर्रम बड़े ही अकीदत एवं श्रद्धा के साथ मनाया गया। जिसके चलते कल रविवार को मोहर्रम की 10 तारीख यौमे आशूरा पर सुबह इंदिरा काम्प्लेक्स मुकरबा दरगाह शरीफ के सामने ताजियों का मजमा लगा रहा। यहां पर रिमझिम बारिश के बीच आकर्षक ताजियों के जियारत के लिए सैकड़ो की संख्या में भीड़ पहुंची और अपनी मन्नत मांगकर तबरूक, तकसीम किया गया। वही सबारिया शहनाई ढोल ताशा के साथ शहीदी धुन पर चल रही थी । बुजुर्गाने दीन से निशवत रखने वालों ने बाबाओ से मुलाकात की । मजमे में कोई बाबा नक्श तो कोई काजू बांट रहे थें तो दूसरी ओर जगह जगह लंगर का वितरण होता रहा । पूरे नगर में सावरियो ने रन करते हुये अपने मुरादियो के घर पहुचकर प्याले भी पिये। बताया जाता है कि बड़े वली इमामबाड़े, शक्ति चौक, बाबड़ी अखाड़ा, मुकरबा, गरीब नवाज, चौकी, पानी टंकी के सामने, जबरन देवी दरबार सहित पूरे नगर के इमामबाड़ो में मोहर्रम पर जायरीनों की भीड़ रही । मोहर्रम की 10 तारीख़ यौमे आशूरा के दिन रोजा भी रखकर शाहीदने कर्बला शान में तिलावत की । जामा मस्जिद मे हाफिज जुबेर आलम साहब यौमे आशूरे की नमाज अदा कराई तो छोटी मस्जिद में भी नमाज अदा की गई । सदा ही शांति प्रिय माने जाने वाले गाडरवारा शहर मे सभी धर्म जिस तरह मिलजुलकर मनाने की परम्परा रही है जो आज भी कायम देखी जा रही है। वही ताजियाँ निकलने के दौरान शहर में भारी पुलिस बल तैनात नजर आया तो दूसरी ओर जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा जरूरी दिशा निर्देश दिये गये है। जिसके चलते उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा, नगर निरीक्षक विक्रम रजक तिवारी के अनुसार अनुविभागीय अधिकारी कलावति व्यारे, तहसीलदार प्रियंका नेताम, मुख्य नगर पालिका अधिकारी वैभव देशमुख सहित अन्य अधिकारी मोहर्रम के त्यौहार के दौरान भारी पुलिस बल की मौजूदगी में पैनी नजर रखे हुये थें। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी सुबह की बेला में इन्द्रा काम्पलेक्स के पास सभी ताजिये सुबह फजर की नमाज के बाद से ही हसन हुसैन के नारे लगाते हुए निकलना शुरू हुये और इंदिरा काम्प्लेक्स के समक्ष एकत्र हुए हजरत बड़े बली इमामबाड़े का दादा पीर का ताजिया अपनी चौकी से सबसे पहले उठा। इसके बाद सभी ताजिए व सवारियां उठने का सिलसिला प्रारंभ हुआ। प्रातः काल से ही नगर में ढोल मातमी शहनाईयों की गूंज में शहीदी कलाम गूंजते रहे। मोहर्रम पर्व के सारे अरमान पूरे करके मुस्लिम भाईयों ने यह पर्व मनाया। हर साल की तरह 10 तारीख की रात्रि में बाद नमाज इशा चॉवडी पर बारह भाई ईमाम बाड़े के सामने ताजियों का मजमा लगा। जहां पर सारी रात यहां पर सवारियों ने अपनी हाजरी पेश की एवं शहर में रन किया। वही हजरत इमाम हुसैन आली मकाम की शहादत पर मोहर्रम की 10 तारीख के सुबह यौमे आशुरे की नमाज मस्जिदों व घरों में पढ़ी गई। तत्पश्चात लोगों ने गरीब, यतीम, वेसहारों की मदद कर सबाबेदारेन हासिल की। बताया जाता है कि मोहर्रम की 10 तारीख को सुबह करीब 9 बजे से सवारियों का उठना शुरू हो गया था जो शहनाईयों बाजे गाजे ढोल के साथ सभी इमामबाड़ो की सवारियों ने पूरे शहर में गश्त कर इंदिरा काम्प्लेक्स के समक्ष लगे मजमें में ताजियों के सामने जाकर अपनी हाजरी दी। वही गरीब नवाज चौकी, बंगला वाले, मुकरबा, सुल्तान बाबा, बावली वाड़ा, झौंरे वाली सवारी सैयद जीलानी, मदीना दरबार, मंडला वाले, असलम बाबा, जबरन देवी दरबार, हजरत सुल्तान पीर सैय्यदी दरबार के अलावा सभी इमामबाड़ों की सवारियां मजमे में शरीक थीं। बताया जाता है कि यह सवारियां सभी दरगाहों, इमाम बाड़ों परचमों पर पहुंची जहां बुजुर्गाने दीन से निश्बत रखने वाले इत्र खुश्बू लेकर बाबाओं को लगाते नजर आये तो सवारियों के साथ उनके मुजाबर भी साथ चल रहे थे। इस मौके पर जगह जगह मुरादी हाथों में प्याले लिए हुए बाबाओं को पेशे नजर करते दिखे जो हाथों में मोर छाल लेकर चल रहे बाबाओं ने झाड़ कर उनके हक में दुआएं की तथा सभी सवारियां चावड़ी पर बारह भाई इमामबाड़े के सामने लगे मजमे में शरीक हुई एवं ताजियों की जियारत की तथा रन करते वक्त अनेकों मुरादी बाबाओं से मिलकर अपनी खुशहाली की मन्नत भी मांगते देखे गये। इस दौरान इन्द्रा काम्पलेक्स के पास एकत्र हुये ताजियों के बीच पहुंचकर मुस्लिम मुहिला पुरूषों सहित अन्य धर्म के लोगों ने भी ताजियों के सामने लोभान छोड़कर धुंआ करते हुए नगर व क्षेत्र की खुशहाली के लिये दुआ मांगी गई इसके उपरांत सबारी के रूप में गस्त करने वाले बाबाओं से भी मुलाकात की गई। इस प्रकार से नगर के इंदिरा काम्प्लेक्स समक्ष ताजियाँ के सामने हिन्दू मुस्लिम सभी धर्म के लोगों लोहान व रेबड़ी का प्रसाद चढ़ाकर अपनी अपनी मन्नते मांगी। इस मजमें में हजारों की संख्या में महिला, पुरूष, बच्चों ने पहुंचकर ताजियों के दीदार किये, ताजियों का मजमा लगा रहा। इस मोहर्रम के मजमे में जगह जगह हुसैनी लंगर में चावल का पुलाव, मीठे चावल, पानी व दूध के छबील का वितरण किया गया। वही बताया जाता है कि आज मुहर्रम की 11 तारीख को सुबह फजर की नमाज के बाद नगर के सारे ताजिये शहर के नए बस स्टैंड बाबली दरगाह शरीफ पर रुकगे जहां पर जायरीन ताजियों के अंतिम दर्शन करेंगे।

के बाद करबला के लिए प्रस्थान करेंगे शक्कर नदी के उस पार बने हुए विसजर्नकुंड में ताजियों को ठंडा किया जाएगा। इसी तरह मोहर्रम पर्व के चलते समीपस्थ खुलरी, सिहोरा, कल्याणपुर, सालीचौका, चीचली, सांईखेड़ा, बनवारी, पलोहा बड़ा सहित अन्य जगहों पर भी बड़े ही शांति के साथ ताजियाँ निकालते हुए मोहर्रम त्यौहार मनाया गया। इस प्रकार से मातमी पर्व मोहर्रम का आज समापन होगा। वही इस प्रकार से ताजियों मोहर्रम त्यौहार भी सभी धर्म के लोगों ने मिलजुलकर मनाते हुए एक अनोखी मिशाल पेश की गई है।

# अधूरे पड़े इमालिया जैथारी पुल को लेकर उठाई गई मीडिया की आवाज को जिला कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुये सुरक्षा के प्रबंध कराये उपलब्ध

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।**








हरिभूमि
नर्मदा भूमि - Page 2
Date 6 July 2025

समीपस्थ तेंदूखेड़ा विधान सभा के गाडरवारा तहसली क्षेत्र में आने वाले ग्राम इमालिया जैथारी के बीच शक्कर नदी में पुल निर्माण की स्वीकृति को जहां सात साल का समय गुजर चुका है। वही दूसरी ओर निर्माण कार्य करने कंपनी को इस पुल निर्माण कार्य को पूर्ण करने की अवधि निर्धारित की गई थी उसे समाप्त हुये भी पांच साल से अधिक का समय गुजर जाने के बाद भी आज भी इस पुल का निर्माण कार्य अधूरा होने के चलते जहां ग्रामीणजनों को बारिश के दिनों में अपनी जिन्दगी दांव पर लगाते हुये रस्सी के सहारे नदी पार करते हुये देखा जाता है। वही नदी के दूसर पार रहने वाले अनेक गांवों के बच्चे जो नदी के इस बार करेली, कल्याणपुर, इमालिया या फिर अन्य दूसरी जगहों पर शिक्षा ग्रहण करने के लिये आते है। उन बच्चों को भी अपनी जिन्दगी दांव पर लगाते हुये इस नदी को पार करने की मजबूरी देखी जा रही है। इस स्थिति में यदि वह नदी पार नही करते है तो शिक्षा से बंचित होने के कारण उनका शिक्षा स्तर लगातार गिरते हुये देखा जा रहा है। बताया जाता है कि प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत दोनों गांव के बीच पड़ने वाली शक्कर नदी पर 6 करोड़ 39 लाख रूपया की कीमत से पुल का निर्माण होना था। मौके पर स्थापित किये गये वोर्ड के अनुसार दोनों गांव के बीच शक्कर नदी पर बनने वाले इस पुल की लम्बाई 186.620 मीटर के लिये शासन द्वारा पैकेज क्रमांक MP26.BSM03 के तहत स्वीकृत किया गया था। वही बताया जाता है कि इस पुल का निर्माण कार्य दिनांक 31 दिसम्बर 2018 से प्रारंभ होकर 30 दिसम्बर 2020 तक पूरा करना था। वही इस पुल के निर्माण कार्य को पूरा करने का ठेका मदन लाल एण्ड पार्टनर्स राजनंदगांव छत्तीगढ़ द्वारा लिया गया था। इस कार्य को पूर्ण कराने के लिये क्रियावयन ऐजेन्सी म.प्र. ग्रा. स. वि. प्राधि. परियोजना क्रिया. इकाई नरसिंहपुर को बनाया गया था। इस प्रकार से पुल निर्माण कार्य को पूर्ण करने के लिये जहां दो साल का समय निर्धारित था। मगर निर्माण कार्य करने वाली कंपनी की मनमानी कही जावे या उदासीनता का परिणाम जिसके चलते निर्माण कार्य को पूर्ण होने की अवधि जहां 30 दिसम्बर 2020 को निकल चुकी है। इस प्रकार से इस अवधि को निकले हुये आज 4 साल 6 माह का समय बीत चुका है। इस तरह समय अवधि निकल जाने के बाद भी पुल का निर्माण न होना निश्चित तौर से क्षेत्र के जिम्मेदार जनप्रतिनिधियों के साथ संबंधित विभाग के अधिकारियों की कार्य शैली को कटघरे में खड़ा करने से नही चूक रही है..? इस सच्चाई के चलते नदी उस पार ग्राम जैथारी सहित अन्य गांवों के लोग वारिश के दिनों में शासन की जरूरी सुविधाओं से बंचित होते हुये अन्य जरूरी सामग्री को लेकर मोहताज होने से नही चूक रहे है। वही दूसरी ओर बारिश के दिनों में यदि कोई व्यक्ति बीमार पड़ जावे तो उसकी जिन्दगी भगवान भरोसे रहने से नही चूक पाती है। इस सच्चाई को हरिभूमि सहित अन्य मीडिया संस्थानों द्वारा बीते हुये रविवार के अंक में प्रमुखता के साथ उजागर किया गया था। मीडिया की खबर को जिला कलेक्टर द्वारा गंभीरता से लेते हुये संपूर्ण बारिश के दौरान यहां पर निगरानी रखने के लिये विशेष अधिकारियों व कर्मचारियों को तैनात किया गया। वही दूसरी ओर बारिश के दिनों में लोगों को आने जाने के लिये नाव सहित तीन तैराको सहित लाईफ जाकिट की व्यवस्था की गई है। बताया जाता है कि यह टीम बारिश के सीजन यानि की नदी में बाढ़ के दौरान मौजूद रहते हुये नदी उस पार से इस पार आने वाले ग्रामीणों को नाव के माध्यम से नदी पार करायेगे। वही दूसरी ओर प्रतिदिन स्कूल छात्र छात्राओं को भी नाव के माध्यम से पार कराने के लिये मौजूद रहेगे। इस संबंध में यहां पर आये हुये डिस्टिक कामान्डेंड होम गार्ड टी आर चौहान से चर्चा की गई तो उनका कहना था कि जिला कलेक्टर के आदेश पर ग्राम इमालिया व जैथारी के बीच शक्कर नदी घाट पर हमारी टीम तैनात की गई है जिसमें एक नाव के साथ तीन तैराक लाईफ जाकेट के साथ संपूर्ण वर्षा काल के दौरान मौजूद रहेगे और जैथारी गांव के मरीजों सहित स्कूली बच्चों को नदी पार करायेगे। वही दूसरी और बगैर सुरक्षा प्रबंधों के कोई व्यक्ति नदी पार करता है तो उस पर नजर रखी जावेगी जिससे किसी प्रकार से कोई घटना घटित न हो पाये। इस तरह जिला कलेक्टर द्वारा मीडिया की खबर पर अपनी गंभीरता का परिचय देते हुये ग्रामीणों की सुरक्षा को लेकर जरूरी प्रबंध तो कर दिये गये है। मगर सबाल यह पैदा हो रहा है कि जिस तरह निर्माण कार्य करने वाली कंपनी द्वारा निर्माण कार्य को पूर्ण करने में देरी की गई जिससे निर्माण कार्य को पूर्ण होने की अवधि को भी पांच साल का समय निकलने को है और निर्माण कार्य आज भी अधूरा दिखाई दे रहा है उस पर क्या कार्यवाही होती है यह तो आने वाला समय ही बतायेगा..? क्योंकि क्षेत्र के लोगों का कहना है कि जब कोई इतना बड़ा निर्माण कार्य होता है तो सरकार द्वारा उसका बजट पहले की स्वीकृत करने के बाद ही निर्माण कार्य की शुरूआत होती है। कही ऐसा तो नही कि कि इस निर्माण कार्य के लिये भी पूरी राशि खर्च होने के बाद कागजों पर निर्माण कार्य पूर्ण हो चुका हो...?

## लगातार हो रही बारिश के चलते सालीचौका क्षेत्र हुआ जल मग्न, ग्राम सहावन में अनेक लोगों के घरों में भरा पानी



**हरिभूमि न्यूज/सालीचौका।**

इस समय बीते हुये एक सप्ताह से जिस प्रकार लगातार बारिश का दौर चल रहा है उसके चलते सालीचौका क्षेत्र पूर्णरूप से जल मग्न होते हुये नजर आते हुये दिखाई दे रहा है। यह बात जरूर है कि धान के रूपाई के लिये जरूर यह बारिश फायदा वाली साबित हो रही है। मगर दूसरी ओर अनेक गांवों में जल बहाव के उचित प्रबंध नही होने के कारण गांवों का पानी निकल नही पा रहा है और मुख्य मार्गो सहित लोगों के घरों में बारिश का पानी भरने के कारण लोगों की जरूरी सामग्री खराब होते हुये देखी जा रही है। बताया जाता है कि ग्राम सहावन के हाल तो इस तरह बने हुये है कि गांव में जल निकासी की उचित व्यवस्था नही होने के कारण लोगों के घरों के आंगनों ने तालाब का रूप धारण कर लिया गया है। हाल इस तरह बनते हुये देखे जा रहे है कि लोगों को अपने घरों से निकलना मुश्किल हो रहा है तो दूसरी ओर बच्चें स्कूलों तक नही पहुंच पा रहे है। वही दूसरी ओर घरों के अंदर रखी हुई खाने पीने की सामग्री सहित पशुओं के लिये सुरक्षित रखा गया भूसा भी अब बारिश की भेंट चढ़ने के कारण बर्बाद होने से नही बच पा रहा है। ग्रामवासियों का कहना है कि यदि बारिश का दौर इसी प्रकार से कुछ दिनों तक और जारी रहा तो लोगों के बच्चे मकान गिरना शुरू हो जावेगे जिसके चलते भर बसकारे में लोगों को खाने पीने सहित रहने की समस्याओं का सामना करने की मजबूर बनने की संभावना से इंकार नही किया जा सकता है।

## देवशयनी एकादशी में मौके पर लोगों ने अपने घरों में किया भगवान का पूजन




**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** वैसे तो देखा जावे हिन्दू धर्म में हर माह हर तिथि का एक विशेष ही महत्व रहने के कारण विधि विधान के साथ पूजन किया जाता है। मगर बीते हुये रविवार को सभी प्रकार के मांगलिक कार्यक्रमों पर विराम लगाने वाली देवशयनी एकादशी निश्चित तौर से अलग ही महत्व रखती है। शास्त्रों के अनुसार बताया जाता है कि आषाढ़ शुल्क पक्ष में पड़ने वाली इस एकादशी के दिन से भगवान विष्णु जी चार महीनों के लिये अपनी योग निद्रा में चले जाते है। इसी के चलते इन महीनों में किसी भी तरह के मांगलिक कार्य नही किये जाते है। इसके उपरांत चार माह बाद जब दीपावली के बाद पड़ने वाली प्रबोधिनी एकादशी के बाद भगवान अपनी निद्रा से बाहर आते है तभी मांगलिक कार्यक्रमों की शुरूआत होती है। इस एकादशी को हरिशयनी एकादशी भी कहा जाता है। इसी दिन से चतुरमास का प्रारंभ भी होता है। इस एकादशी के मौके पर लोग अपने अपने घरों में भगवान की अलग अलग तरीके से पूजन करते है, जिसमें प्रमुख रूप से कौरव समाज द्वारा इस एकादशी के मौके पर अनेकों वर्षो से भगवान की पूजन के लिये फरा लपसी(यानि की पानी की पुड़ी फरा) बनाते हुये भगवान की पूजन करते है। वही ग्रामीण क्षेत्रों में इस एकादशी को फरऊ ग्यारस भी कहा जाता है..? यह बात कहा तक सत्य है इसका कोई प्रमाण तो नही है। मगर कुरूवंश के बुजुर्गो के बताया जाता है कि जब महाभारत का युद्व चल रहा था उस दौरान इस दिवस भगवान की पूजन कौरव समाज द्वारा इन फरा व लपसी यानि की पानी की पुरी के द्वारा की गई थी तभी से यह परम्परा चली आ रही है, जिसके चलते जहां कौरव समाजिक बंधुओं द्वारा देवशयनी एकादशी के मौके पर अपने अपने घरों में फरा लपसी के माध्यम से भगवान सहित अपने कुल देवताओं का पूजन किया गया। वही अन्य लोगों द्वारा भी अलग अलग तरीके से भगवान का पूजन करते हुये आराधना की गई।

## खुलरी में हुसैन या हुसैन की आवाज हुई बुलंद-अकीदतमंदों ने ताजिए निकाले अखाड़ा खेलकर किया मोहर्रम को याद.



**हरिभूमि न्यूज/खुलरी/इमझिरी/बिलोनी।** मुस्लिम भाईयों का मातमी पर्व मोहर्रम शहरों के साथ साथ ग्रामीण क्षेत्रों में मनाया गया। ग्राम खुलरी, इमझिरी व बिलोंनी में मुहर्रम की 10,तारीख को यौमे आशुरा को हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम व करबला के शहीदो की याद मे मजलिस/जूलूस का आयोजन किया गया। बताया जाता है कि इसमे या हुसैन या हुसैन या अब्बास या अब्बास की सदाएं बुलन्द की इस अकीदतमंदों/श्रधालुओं ने - कार्यक्रम के बारे में जानकारी देते हुए धर्म प्रेमी बिलोनी ग्राम के बाबा साहब (बड़े भाई) एवं हाफिज इरफान साहब और पीराली साहब ने बताया कि कर्बला के मैदान में हजरत इमाम हुसैन ने शहादत दे कर आने वाली पीढियों को जुल्म और नाइंसाफी के खिलाफ आवाज बुलन्द करने तथा सच्चाई की राह पर चलने का संदेश दिया है। वही पीर अली ने कहा आशूरा यानि 10 मुहर्रम का दिन हमें त्याग और बलिदान की भावना के साथ समाज को मजबूती देने तथा देश और प्रदेश के लिए किसी भी तरह की कुर्बानी देने के लिए प्रेरित करता है। इस तरह कार्यक्रम की शुरुआत खुलरी ग्राम में बनाएं गए ताजिए,और पंजे की ज्यारत करते हुये आपसी भाईचारे की मिसाल कायम की गई।

## निःशुल्क उपचार शिविर का 53 मरीजों को मिला लाभ, पर्यावरण की रक्षा का संदेश देते हुये कागज पैकिटों किया दवाईयों का वितरण



**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** समीपस्थ ग्राम कान्हरगांव में मानव सेवा समिति के युवाओं द्वारा भगवान सत्य साई बाबा के बताये हुए मार्ग मानव सेवा ही माधव सेवा है को चरितार्थ करते हुये। हर माह के पहले रविवार को साई सेवा केन्द्र साई धाम मंदिर (कान्हरगाव) में निःशुल्क मेडिकल कैम्प का आयोजन किया जाता है। इसी प्रकार से बीते हुये रविवार को भी किया गया। समिति द्वारा यह 71 कैम्प आयोजित किया गया था। इस निः शुल्क उपचार शिविर में 2 शहरों के साथ साथ लगभग एक दर्जन गांवों के मरीजों ने अपना उपचार कराया गया। इस दौरान समिति के युवाओं द्वारा सभी मरीजों को पूर्णरूप से निःशुल्क व पर्यावरण की रक्षा का संदेश देते हुये कागज के पैकिटों दबाईयों का वितरण किया गया। आयोजित इस मेडीकल कैम्प में मरीजों का उपचार करने के लिये डाक्टर संजय मोदी, डाक्टर मनीष महोबिया, डाक्टरअरूण दोहरे के आलवा सहयोगी के रूप में राहुल गिरी गोस्वामी, प्रशांत सोनी सहित मानव सेवा समिति के युवाओं ने अपनी सेवायें प्रदान की गई। वही मेडीकल कैम्प में उदयपुरा, पिपरिया, देवरी,साईखेड़ा, बम्होरी, महलबाड़ा, इमलिया, सूखाखेरी, दिघोरी, ढुगरिया, सोजनी, दहलबाड़ा, महगवां कला , कान्हरगाव सहित अनेक गांवों के मरीजों ने पहुंचकर लाभ लिया।

खबर संक्षेप

## बारिश बनी मुसीबत, सड़कों पर बह रहा नालों का पानी



डिंडोरी। पिछले 48 घंटों की भारी बारिश ने नगर की बदहाल ड्रेनेज व्यवस्था की सच्चाई सामने ला दी है। शहर के कई हिस्सों में घुटनों तक पानी भर चुका है और नालों का गंदा पानी सड़कों पर बहने लगा है। शहर के व्यस्ततम चौराहों, स्कूलों, अस्पतालों और कॉलोनियों में जलजमाव के कारण लोगों को भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। स्कूली बच्चों और बुजुर्गों के लिए घर से बाहर निकलना मुश्किल हो गया है।हालात यह हैं कि कुछ इलाकों में तो घरों के अंदर तक पानी घुस चुका है। नगर परिषद द्वारा किए गए बारिश पूर्व नाला सफाई और जलनिकासी के दावे पूरी तरह खोखले साबित हुए हैं। नगरवासियों का कहना है कि हर साल यही स्थिति बनती है, लेकिन स्थायी समाधान अब तक नहीं किया गया है। प्रशासन को अब सक्रियता दिखाते हुए जलनिकासी की व्यवस्था को प्राथमिकता देनी चाहिए।

## न्यायिक कार्य प्रणाली में दक्षता बढ़ाने जिला न्यायालय डिण्डौरी में प्रारंभ हुआ प्रशिक्षण शिविर



डिंडोरी। माननीय उच्च न्यायालय, मध्यप्रदेश, जबलपुर के आदेशानुसार तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश डिण्डौरी, श्री मो. सैयदुल अबरार अंसारी के मार्गदर्शन में जिला न्यायालय डिण्डौरी में तृतीय श्रेणी न्यायिक कर्मचारियों के लिए तीन दिवसीय अनुसचिवीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ आज प्रातः 10 बजे किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन और माल्यार्पण के साथ हुई, जिसे माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री अंसारी ने संपन्न किया। अपने उद्घाटन भाषण में उन्होंने प्रशिक्षण की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उपस्थित कर्मचारियों को न्यायिक सेवा में ईमानदारी, निष्ठा और कर्मठता से कार्य करने हेतु प्रेरित किया। इस अवसर पर कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश श्री एम.एल. राठौर, तृतीय जिला न्यायाधीश श्री कमलेश कुमार सोनी, द्वितीय जिला न्यायाधीश श्री शिवकुमार कौशल, प्रथम जिला न्यायाधीश श्री रविन्द्र गुप्ता, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री आशीष केशरवानी सहित अन्य अनेक न्यायिक अधिकारीगण उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त श्री रामप्रसाद सिंह, श्री कर्नल सिंह श्याम, श्री दिलीप पाटिल, श्रीमती कमला उईके, श्री उत्कर्षराज सोनी, सुश्री रिया डेहरिया जैसे न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी अधिकारियों की भी गरिमामयी उपस्थिति रही। कार्यक्रम में प्रशासनिक अधिकारी श्री रामसखा साकेत, लेखापाल श्री अभिषेक कुमार गर्ग एवं न्यायिक कर्मचारी संघ के सदस्यगण भी सम्मिलित हुए। इस प्रशिक्षण शिविर का उद्देश्य न्यायालयीन कार्यों में गुणवत्ता, दक्षता और पारदर्शिता को बढ़ावा देना है। कार्यक्रम का संचालन सुश्री रिया डेहरिया, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी द्वारा कुशलता पूर्वक किया गया। यह प्रशिक्षण 07 जुलाई 2025 तक चलेगा, जिसमें विभिन्न विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन प्रदान किया जाएगा।

## 'ओल सर्विस ग्लोबल' के कर्मचारियों ने विधायक से लगाई गुहार, चेताया हड़ताल के लिए होंगे मजबूर



शहपुरा – डिंडोरी जिले में कार्यरत बिजली आउटसोर्स कंपनी ओल सर्विस ग्लोबल प्राइवेट लिमिटेड के कर्मचारियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर स्थानीय विधायक ओमप्रकाश धुर्वे से मुलाकात की। कर्मचारियों ने साफ चेतावनी दी है कि अगर तीन दिन के भीतर वेतन, बोनस और एरियर्स से जुड़ी समस्याओं का समाधान नहीं हुआ, तो जिलेभर में बिजली सेवा प्रभावित हो सकती है, क्योंकि वे कार्य बहिष्कार पर चले जाएंगे। 45 से 55 हजार तक की देनदारी प्रति कर्मचारी!- कर्मचारियों का कहना है कि कंपनी ने महीनों से उनका बोनस, न्यूनतम वेतन में अंतर का एरियर्स और अन्य भुगतान नहीं किया है।

# बिलगढ़ा बांध से छोड़ा गया पानी, गांवों में बढ़ा खतरा

**प्रशासन ने जारी किया अलर्ट**

**लगातार बारिश से जलस्तर बढ़ा, सिलगी नदी के पास न जाने की अपील – खेतों में भरा पानी, फसलें संकट में**

जिले के शहपुरा विकासखंड अंतर्गत बिलगांव स्थित बिलगढ़ा बांध का जलस्तर लगातार बारिश के चलते खतरे के निशान तक पहुंच गया। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने शनिवार शाम 4:00 बजे एक गेट 20 सेंटीमीटर तक खोल दिया, जिससे 7.65 क्यूमेक पानी का डिस्चार्ज किया गया।

शहपुरा - डिंडोरी





सिलगी नदी के किनारे बसे गांवों में जलभराव और बाढ़ जैसे हालात बनने की आशंका को देखते हुए प्रशासन ने अलर्ट जारी कर दिया है। ग्रामीणों से अपील की गई है कि वे नदी के किनारे न जाएं और बच्चों पर विशेष निगरानी रखें।

### इंजीनियर बोले – जल संग्रह सीमा तक पहुंचा बांध, दबाव कम करना जरूरी

बांध के सब इंजीनियर हर्षित भोजक ने बताया कि बिलगढ़ा बांध के कैचमेंट एरिया में लगातार हो रही वर्षा के कारण जल संग्रहण क्षमता पूरी हो गई थी। यदि समय पर पानी नहीं छोड़ा जाता, तो बांध पर अधिक दबाव पड़ सकता था।

उन्होंने बताया कि आगे भी यदि बारिश का सिलसिला ऐसे ही चलता रहा, तो अन्य गेट भी खोलने पड़ सकते हैं।

### ग्रामीणों की चिंता बढ़ी खेतों में भरने लगा पानी

स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि क्षेत्र में पहले से ही पानी भर चुका है, और अब बांध से पानी छोड़े जाने के कारण खेतों में पानी जमा हो रहा है, जिससे फसलों के डूबने का खतरा मंडरा रहा है। कुछ गांवों में घरों के पास तक पानी पहुंचने की खबरें भी सामने आ रही हैं, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त होने की संभावना बढ़ गई है।

### प्रशासन की अपील सतर्क रहें, नदी किनारे न जाएं

डिंडोरी जिला प्रशासन द्वारा जारी चेतावनी में कहा गया है-

सिलगी नदी के आसपास कोई भी व्यक्ति न जाए। नदी किनारे और निचले इलाकों में रहने वाले लोग विशेष सतर्कता बरतें ।जलभराव और संभावित बाढ़ से निपटने के लिए प्रशासन अलर्ट मोड पर है।

### बांध का नाम बिलगढ़ा बांध (बिलगांव)

गेट खोला गया 1 गेट
गेट की ऊंचाई 20 सेंटीमीटर
पानी का डिस्चार्ज 7.65 क्यूमेक
दिनांक और समय 06 जुलाई 2024, शाम 4:00 बजे

### प्रभावित नदी सिलगी नदी

प्रभावित क्षेत्र सिलगी नदी किनारे बसे गांव, खेत

### जनहित में अपील

जलजमाव और बाढ़ की स्थिति में घबराएं नहीं – प्रशासन के निर्देशों का पालन करें।

नदी किनारे बच्चों को न भेजें, ग्रामीण सतर्क रहें।

अफवाहों से बचें केवल आधिकारिक सूचनाओं पर विश्वास करें।

आपदा प्रबंधन दलों का सहयोग करें – सतर्कता ही सबसे बड़ी सुरक्षा है।

# मैया अभियान सतत जारी: नर्मदा घाट की सफाई कर पर्यावरण संरक्षण का लिया संकल्प

डिण्डौरी।





माँ नर्मदा सेवा से जुड़ा "मैया अभियान" लगातार तीसरे वर्ष भी पूर्ण सक्रियता से जारी है। इस अभियान के अंतर्गत इस रविवार को गायत्री मंदिर, शंकर घाट में स्वच्छता अभियान चलाया गया।


प्रत्येक रविवार प्रातः 7 बजे से स्थानीय नागरिक, शासकीय कर्मचारी और छात्र-छात्राएँ स्वेच्छा से श्रमदान कर घाटों की सफाई में भाग लेते हैं। इस बार बरसात के कारण घाटों पर जमा हुए प्लास्टिक, पन्नियाँ, कांच की बोतलें, पुराने वस्त्र, कापू मिट्टी सहित अन्य कचरे को हटाकर घाटों को स्वच्छ बनाया गया। अभियान के दौरान लगभग एक ट्रैक्टर भर कचरा घाट से निकाला गया।

अभियान के संयोजकों ने बताया कि बरसात के मौसम में नर्मदा घाटों पर बढ़ता कचरा न केवल घाट की सुंदरता को प्रभावित करता है, बल्कि नर्मदा जल को भी प्रदूषित करता है। अतः प्रत्येक नागरिक का यह कर्तव्य है कि माँ नर्मदा की सेवा में आगे आकर सहयोग दें।

इस रविवार की सेवा में जिला आयुष अधिकारी डॉ. संतोष परस्ते, नेहरू युवा केंद्र के जिला समन्वयक आर. पी. कुशवाहा, उत्कृष्ट विद्यालय के शिक्षक श्री जितेंद्र दीक्षित, श्री ओमवीर जाट, श्री राकेश नामदेव एवं श्री अवध रजक सहित कई सामाजिक कार्यकर्ताओं ने भाग लिया और पर्यावरण संरक्षण का संकल्प दोहराया।"यदि हम सभी मिलकर नियमित रूप से माँ नर्मदा की सेवा में लगें, तभी इस पुण्य सलिला को प्रदूषण मुक्त रखा जा सकता है," ऐसा संदेश अभियान से जुड़े सभी सदस्यों ने नगरवासियों को दिया।

## नरेगा से शुरू "एक बगिया मां के नाम" योजना: महिलाओं को मिलेगा बगिया का स्वामित्व

**हर महिला की बगिया, हर पेड़ मां के नाम**



डिंडौरी।"एक पेड़ मां के नाम" राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत अब ग्रामीण महिलाओं को मिलेगा फलोद्यान का तोहफा। महात्मा गांधी नरेगा के तहत शुरू हुई "एक बगिया मां के नाम" योजना से स्व सहायता समूह की महिला सदस्यों को आत्मनिर्भर बनने का मौका मिलेगा।

योजना के अंतर्गत महिलाएं अपनी आधा एकड़ या एक एकड़ भूमि पर 100 फलदार पौधे लगाकर तीन वर्षों तक योजना का लाभ उठा सकेंगी। इस दौरान उन्हें पौधारोपण, खाद, सिंचाई, कीटनाशक, मजदूरी आदि की राशि सीधे उनके बैंक खातों में भेजी जाएगी। इसके अलावा योजना में बगिया की सुरक्षा हेतु कांटेदार तार की बाड़ और सिंचाई के लिए जलकुंड निर्माण का भी प्रावधान है। विशेष बात यह है कि आजीविका मिशन की ओर से हर 25 एकड़ पर कृषि सखी की नियुक्ति भी होगी। परियोजना के अंतर्गत हर जनपद में 100 हितग्राहियों को चयनित कर उन्हें योजना का लाभ दिलाने का लक्ष्य रखा गया है। यह प्रयास न सिर्फ हरियाली बढ़ाएगा, बल्कि ग्रामीण महिलाओं को सशक्त और स्वावलंबी भी बनाएगा।

# पुलिया निर्माण में खुला भ्रष्टाचार लाखों की राशि का दुरुपयोग




डिंडौरी न्यूज़।

डिंडौरी जनपद पंचायत अंतर्गत ग्राम पंचायत कुईमाल में विकास कार्यों के नाम पर भ्रष्टाचार के नए मामले उजागर हो रहे हैं। जानकारी के अनुसार ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव द्वारा शासन से स्वीकृत राशि को कागजों पर ही खर्च कर भारी गड़बड़ी की जा रही है।

ताजा मामला वर्ष 2024-25 का है, जिसमें रोजगार गारंटी योजना के तहत कुई से रामगुड़ा मार्ग के बीच पुलिया निर्माण स्वीकृत किया गया था। लाखों रुपये की लागत से बनाई जा रही इस पुलिया में तकनीकी मापदंडों की अनदेखी कर ठेकेदार और जिम्मेदारों ने घटिया सामग्री का उपयोग किया। आरोप है कि पुलिया में कांक्रीट की जगह बोल्डर, पत्थर और मिट्टी भर कर गुणवत्ता हीन निर्माण कार्य किया गया।

ग्रामीणों का कहना है कि निर्माण कार्य में जमकर भ्रष्टाचार हुआ है और शासन की राशि का दुरुपयोग कर सरकारी धन को बर्बाद किया जा रहा है। इससे आने वाले समय में पुलिया के टूटने का भी खतरा बना रहेगा।

गांव के लोगों ने इस मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की मांग की है ताकि विकास कार्यों में भ्रष्टाचार पर रोक लगाई जा सके।

**विकास खंड मेंहदवानी के कठौतिया से धमनी कुसेरा मार्ग का मामला**

# करोड़ों रुपए की लागत से बने प्रधानमंत्री सड़क के उड़े परखच्चे





हरिभूमि न्यूज मेंहदवानी

एक तरफ़ तेज बारिश का दौर जारी है तो वहीं दूसरी तरफ़ एक एक करके सरकारी निर्माण कार्यों की पोल खुलने का सिलसिला शुरू हो गया है। ताजा मामला मेहदवानी विकासखंड के कठौतिया धमनी कुसेरा मार्ग का है जिसका निर्माण तीन साल पहले PMGSY विभाग द्वारा करीब सात करोड़ रुपए की लागत से किया गया था जो गारंटी पीरियड के पहले ही इस सड़क के परखच्चे उड़ गए हैं। भुरका गांव के पास पुलिया और सड़क का हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया है जिसके कारण इस मार्ग पर बस समेत बड़े वाहनों की आवाजाही बंद हो गई है। मेहदवानी जनपद पंचायत के अध्यक्ष रामप्रसाद ने PMGSY विभाग व सड़क निर्माण कराने वाले ठेकेदार पर सड़क निर्माण में मनमानी करने एवं भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए जांच की माँग की है। हैरान करने वाली बात यह है कि सड़क निर्माण कराने वाले ठेकेदार या प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना विभाग के द्वारा इस सड़क को दुरुस्त करने की अबतक कोई पहल नहीं की गई है।

# भाजपा और देश डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पं. दीनदयाल जी के संघर्षों व आदर्शों को याद रखेगा- भाजपा कार्यकर्ता*

डिण्डोरी-





जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर जिला भाजपा कार्यालय में उनकी प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नमन किया। वरिष्ठ नेता कैलाशचंद जैन ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस ने देश का बंटवारा और जम्मू-कश्मीर में अनुच्छेद-370 लगाकर देश की जनता के साथ पाप किया। डॉ. मुखर्जी ने राष्ट्रीय एकता के लिए बलिदान दिया। भाजपा और देश जनसंघ के संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के संघर्षों व आदर्शों को हमेशा याद रखेगा। कार्यकर्ता आज पूरे देश में डॉ. मुखर्जी व पंडित दीनदयाल जी के बताए मार्ग पर चलकर जनता की सेवा कर रहे हैं। डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने 'एक देश में दो विधान, दो प्रधान और दो निशान नहीं चलेंगे' का नारा देकर राष्ट्रीय एकता की आधारशिला को शिद्दत से मजबूत किया। भविष्य के संकटों को देखते हुए जवाहर लाल नेहरू को अहसास कराया कि धारा 370 लगाना भारत की सांस्कृतिक एकता पर प्रहार है। डॉ. मुखर्जी देश की सांस्कृतिक और सामाजिक एकता के पक्षधर थे। उन्होंने देश को एकता के सूत्र में पिरोने के लिए नई दिशा, नये विचार दिये। आज हमें उनके विचारों और मूल्यों को आत्मसात करने की जरूरत है।

भाजपा के जिला अध्यक्ष चमरू सिंह नेताम ने कहा कि भारतीय जनमानस की आवाज को बड़ी मुखरता से तत्कालीन सरकार के सामने रखकर उन्होंने जम्मू-कश्मीर में धारा-370 लगाने का पुरजोर विरोध करते हुए मंत्रिमंडल से इस्तीफा दे दिया था। डॉ. मुखर्जी का 33 साल की आयु में वाइस चांसलर बनना उनकी प्रतिभा को दर्शाता है। भारत राष्ट्र को और अधिक शक्तिशाली, समरस एवं आत्मनिर्भर बनाने के लिए आज श्री मुखर्जी के विचार और भी प्रासंगिक हैं। भारत राष्ट्र सदैव पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी का ऋणी रहेगा। उनके द्वारा कश्मीर समस्या की ओर ध्यान आकर्षित करने के बाद भी जम्मू-कश्मीर में धारा-370 का कलंक जारी रहा एवं 40 हजार निरपराध लोग पीड़ा और हिंसा के शिकार हुए। प्रधामनंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के दृढ़-संकल्प ने देश को धारा-370 से मुक्ति प्रदान की। प्रधामनंत्री श्री मोदी जी के नेतृत्व में देश निरंतर आगे बढ रहा है।

महापुरूषों को याद करने से जीवन में नैतिकता व संघर्ष बना रहता है। महापुरूषों और उनके संघर्षों व आदर्शों को याद करने से जीवन में नैतिकता व संघर्ष बना रहता है। हम सभी भाजपा कार्यकर्ता डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के बताए मार्ग पर चलते हुए राष्ट्रप्रथम की भावना के साथ देश और समाज की सेवा में सदैव तत्पर रहे हैं। डॉ. मुखर्जी और पं. दीनदयाल जी के त्याग, तपस्या और बलिदान से ही भारतीय जनता पार्टी आज विश्व का सबसे बड़ा राजनीतिक दल बन सका है। आज प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में कश्मीर में धारा 370 को हटाया गया और वहां अब चैन और शांति का माहौल है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में 2047 तक भारत विश्वगुरु बनकर देश के हर व्यक्ति के सपने को साकार करेगा।

### भारतीय जनता पार्टी मंडल मानिकपुर में डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती मनाई गई

डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जन्म जयंती पर मंडल मुख्यालय मानिकपुर एवं पड़रियाखुर्द में पौधरोपण एवं उनकी तेलीय चित्र पर तिलक वंदन एवं पुष्प अर्पित किया गया। मंडल अध्यक्ष गोलू हीरेंद्र सिंह मरावी ने बताया कि डॉ मुखर्जी के जन्म जयंती पर उनका स्मरण कर उनकी स्मृति में सभी कार्यकर्ताओ द्वारा पौधारोपण किया गया। इस मौके पर उपस्थित कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए कहा की जन्मदिन के अवसर पर केक काटने से अच्छा होगा वृक्ष लगाए ओर पर्यावरण को सुंदर बनाये। वृक्षारोपण कर ऐसा संसार बनाये जहाँ प्राकृतिक आपदाओ की कोई गुंजाईश ना हो। भाजपा मंडल अध्यक्ष गोलू हीरेंद्र सिंह मरावी ने कहा की देश के प्रति डॉ. मुखर्जी का योगदान हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने बताया कि डॉ. मुखर्जी के जन्मदिवस को सेवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। इस दौरान भाजपा मंडल महामंत्री दिलीप झरिया सोशल मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र झरिया कार्यालय मंत्री विश्वनाथ झरिया टोकेश्वर बागवान जनपद सदस्य देवीदिन झरिया एवं ग्राम के जेस्टश्रेष्ठ सभी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### अपूर्वा ने सीए की परीक्षा उत्तीर्ण की



**तेंदूखेड़ा।** प्रतिष्ठित ग्राम डोभी के विमल जैन एवं श्रीमती सरिता जैन की सुपुत्री कुमारी अपूर्वा जैन ने सीए परीक्षा 2025 में चयनित होकर अपने माता-पिता और ग्राम का नाम रोशन किया। अपूर्वा प्रारंभ से ही मेधावी छात्रा रही है। कक्षा 12वीं में इन्होंने प्रतिभास्थली विद्यापीठ जबलपुर से उत्तीर्ण की। अपनी सफलता का श्रेय ईश्वर और अपने माता-पिता भाई और परिवार को दिया है। अपूर्वा की इस सफलता पर उनके परिजनों और स्नेहीजनों मित्रों ने शुभकामनाएँ प्रेषित की है और उनके उज्वल भविष्य की कामना की है।

### श्रीमती सरोज दुबे का निधन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस नगर निवासी संतोष दुबे की धर्मपत्नी श्रीमती सरोज दुबे का अस्वस्थता के चलते निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार स्थानीय झिरना मुक्तिधाम में किया गया। जहां पर समाज के सभी वर्गो द्वारा श्रद्धांजलि दी गई। आप सुरभि डेयरी के संचालक सचिन दुबे व सिद्धार्थ दुबे की माताजी थी।

### नहीं रहे रमा शंकर सेठ

**तेंदूखेड़ा।** नगर के प्रतिष्ठित अग्रवाल परिवार के वरिष्ठ एवं सेठ श्री गोविंद अग्रवाल के बड़े भ्राता श्री गौरी शंकर सौरभ शेरु अग्रवाल के पूज्य पिता श्री रमाशंकर अग्रवाल का दुखद निधन हो जाने पर नगर के सभी वर्गों के लोगों ने अपनी अपनी श्रंद्धाजलि अर्पित करते हुए अंतिम विदाई दी।

### वाहन फसने से टूटे तार निकलती रही चिंगारी



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस नगर के मध्य स्थित पुराना बस स्टैंड क्षेत्र में पुलिस वाहन बिजली के लटके तारों में फंस गया। यह घटना शाम 6 बजे की है। पुलिस वाहन एमपी 03 जेडए 0687 चौपाटी से शनिचरा बाजार मेन रोड की तरफ जा रहा था। पेट्रोल पंप के पास चाय की दुकान के ऊपर से झूल रहे बिजली के तार चालक को नहीं दिखे। वाहन की तेज गति के कारण तारों में जोरदार खिंचाव हुआ। इससे करीब 150 फीट दूर लगे दो बिजली के खंभे तिरछे हो गए। तारों में करंट होने से चिंगारियां निकलने लगीं और धमाके की आवाजें आने लगीं। इस घटना से आसपास के दुकानदार और राहगीर डर गए। पुलिसकर्मी भी वाहन छोड़कर सुरक्षित जगह पर चले गए। हादसे के बाद पूरे क्षेत्र की बिजली आपूर्ति बंद हो गई। घटना के एक घंटे बाद तक बिजली विभाग का कोई कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। स्थानीय लोगों ने बताया कि इस क्षेत्र में कई महीनों से बिजली के तार लटके हुए हैं। बिजली विभाग की लापरवाही से बड़ा हादसा हो सकता था। गनीमत रही कि घटना के समय कोई आम नागरिक या बच्चा तारों की चपेट में नहीं आया। स्थानीय नागरिकों ने विभाग से जल्द मेंटेनेंस और सुधार कार्य की मांग की है।

### मनाया गया अंतरराष्ट्रीय सहकारिता दिवस



**तेंदूखेड़ा ।** समीपी ग्राम ढिलवार में अंतराष्ट्रीय सहकारिता दिवस मनाया गया । इस मौके पर ढिलवार से लगे समीप के ग्रामों में शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं वन पट्टों के हितग्राहियों को लाभान्वित कर लोन प्रदान किया गया ।क्रेडिट कार्ड के तहत किसानों को लोन बांटा गया नये खाते खोले गए। खरीफ एवं रवि के सीजन में जिन सहकारिता कर्मचारियों द्वारा शत प्रतिशत बसूली की गई उनको सम्मानित किया गया। इस अवसर पर शाखा प्रबंधक सुरेश चौधरी समीति प्रबंधक अखिलेश तिवारी श्यामू तिवारी सहित किसान और वाचांचल क्षेत्र के हितग्राही उपस्थित थे।

---

### नदी के किनारों पर नहीं प्रशासन की नजर

# बाढ़ से डूबे पुल, गांवों का टूटा संपर्क

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

जिले में लगातार हो रही बारिश से नदियां उफान पर है जिससे कई गांवों का संपर्क शहरों से नही हो पा रहा है। वही प्रशासन द्वारा नदी नालों के किनारों पर ध्यान नही दिया जा रहा है। उफनती नदी के किनारें खड़े होकर लोग बारिश के नजारे देखते नजर आये नदी के दोनो किनारों पर बड़ी संख्या पर भीड़ नजर आई और प्रशासन द्वारा नजर रखने के लिये कोई जिम्मेदार कर्मी भी तैनात नही किया गया। प्रशासन द्वारा ऐसा ना करना हदसों को निमंत्रण देना साबित हो रहा है। प्रशासन को चाहिये कि पुलिस कर्मियों को तैनात कर सुचारू व्यवस्था बनाये व लोगो को पानी के किनारें पर जाने से रोका जावें।





**गांवों का टूटा संपर्क**

जिले में लगातार हो रही भारी बारिश के कारण नदियों और नालों में जलस्तर बढ़ गया है। इसके चलते सुपला स्थित शेड नदी का पुल भी डूब गया है, जिससे दर्जनों गांवों का जिला मुख्यालय से संपर्क टूट गया है। नरसिंहपुर से सांकल जाने वाला मार्ग पूरी तरह से बाधित हो गया है। पुल के दोनों ओर लंबी कतारों में खड़े लोग पानी के स्तर के कम होने का इंतजार कर रहे हैं। पुल के ऊपर पानी बहने के बावजूद प्रशासन को इसकी सूचना नहीं है और न ही किसी तरह की सुरक्षा व्यवस्था की गई है। कई लोग पुल पर पानी के बावजूद वहां घूमते नजर आए, जिससे किसी बड़ी दुर्घटना की संभावना बनी हुई है। वही मुगवानी से बरहटा जाने वाले रास्ते पर बने शेढ़ नदी के पुल के उपर से पानी होने के कारण आवागमन बंद है।

**नर्मदा नदी उफान पर**

लगातार हो रही बारिश के कारण बरगी डेम में जल रूतर बढ़ गया और बरगी डेम पूरी जल क्षमता के अनुसार पूरी तरह भर गया और डेम पूरी तरह भर जाने के कारण बरगी डेम के गेट भी खोले गये है जिससे नर्मदा नदी मे लगातार जल स्तर बढ़ता जा रहा है लोग नजारा देखने के लिये नदी के दोनो किनारों पर खड़े नजर आते है। बारिश से जिला जलमग्न है। लोग घरों से निकल कर मां नर्मदा के विकराल स्वारूप को देखने के लिये जा रहा है। प्रशासन को चाहिये कि लोगों को अलर्ट कर सुरक्षित स्थान पर रहने की हिदायत दी जावे तथा पानी व बाहव वाली जगहों से दूर रहने की अपील की जावें। हालांकि बारिश से अभी तक ज्यादा जन धन की हानि नहीं हुई है लेकिन प्रशासन साथ लोगों को भी जागरूक रहने की महत्ती आवश्यकता है।

**खोले गए बरगी डैम के 9 गेट**

जिले में लगातार हो रही मूसलाधार बारिश के कारण जिले की सभी नदिया उफान पर है वही नर्मदा नदी भी खतरे के निशान से उपर बह रही है। बढ़ते जल स्तर के कारण बरगी डेम के 9 गेळ खोल दिए गए है। जिससे 1471 क्यूसेक पानी छोड़ा जा रहा है वही प्रशासन द्वारा नीचे वानले इलाको को खाली करने की बात कही गई। बरगी बांध से छोड़ा गया पानी रात तक नरसिंहपुर जिले मे पहुंचने की संभवना है। बताया गया कि बरगी डेम के 21 में से 9 गेट 1.33 मीटर उंचाई तक खोले गए है वही बांध मे लगातार 98742 क्यूसेक पानी प्रवेश कर रहा है। बांध का पूर्ण जलभराव स्तर 422.76 मीटर है जो पूरी तरह फुल हो चुका है। मैन्युल के अनुसार जल स्तर 417.50 मीटर रखा जाना प्रस्तावित है बांध के कैचमेंट एरिया में लगातार हो रही बारिश के चलते गेट खोलने का लिया गया फैसला लिया गया। बांध के गेट खुलने से नर्मदा नदी का बढ़ेगा जलस्तर, बांध प्रबंधन और जिला प्रशासन ने नर्मदा के तटीय इलाकों में जारी किया अलर्ट जारी किया गया है।

**स्कूलों की छुट्टी करने की मांग**

बारिश के चलते जिले के स्कूलों की तीन दिन की छुट्टी करने की मांग एनएसयूआई द्वारा की जा रही है। उक्त संबंध ईशान राय द्वारा बताया गया कि प्रदेश के अन्य जिलों की भांति नरसिंहपुर जिले में भी बारिश के चलते स्कूलों की तीन दिन की छुट्टी घोषित की जाए जिससे बारिश के कारण किसी भी प्रकार की दुर्घटना का शिकार नौनिहाल ना हो। हालांकि स्कूलों की छुट्टी के संबंध में अभी प्रशासन की ओर से कोई जानकारी नहीं दी गई है। निरंतर बारिश के कारण जिले की सभी नदियां उफान पर है। एहतियात के तौर पर लोगों को सतर्क रहने की आवश्यकता है तथा बच्चों को जलाशय व नदियों से दूर रखे जिससे किसी भी प्रकार की कोई अप्रिय घटना ना हो।

---



## गाय को ग्राम माता घोषित करने का होगा शंखनाद

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर

10 हजार गांवों में गाय को ग्राम माता का दर्जा दिलाने के लिए 7 जुलाई को तुलसी मानस भवन में संकल्प के साथ 90 दिवसीय गौ रक्षा जागरण यात्रा का शंखनाद किया जाएगा। आज संत बृज बिहारी सरकार अनिकेत कृष्ण शास्त्री महाराज के सानिध्य में सुबह 11 बजे से 1.30 बजे तक आयोजित महा दरबार में संकल्प को दोहराकर यात्रा की घोषणा की जाएगी। यात्रा के दौरान लक्षित ग्रामों में पहुंचकर लोगों को गौ संरक्षण एवं संवर्धन के प्रति जागरूक करते हुए धार्मिक एवं सामाजिक क्षेत्र में गाय के महत्व को प्रतिपादित किया जाएगा। सभी धर्मावलंबियों से उपस्थिति का आग्रह कर किस अभियान को सफल बनाने की अपेक्षा की गई है।

### बच्चे को सर्प ने काटा

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस किशोर को सर्प ने काट लिया। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार वेदांत पिता छोटे लाल चौधरी उम्र 8 वर्ष निवासी भैंसा पाला थाना स्टेशन गज अपने परिजनों के साथ खेत पर गया हुआ था जहां पर सर्प ने काट लिया और उसे उपचार हेतु जिला चिकित्सालय लाया गया जहां पर उपचार जारी है।

## विद्युत विभाग के अमले की हुई सराहना

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

मध्य प्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लि.नरसिंहपुर संभाग अंतर्गत डाँगीढाना वितरण के मुंगवानी मुख्यालय में अति बारिश, तेज हवा आंधी से ध्वस्त हुए 11केवी लाइन के 3 पोल ओर डी पी स्ट्रक्चर को मात्र चंद घंटों में विद्युत कर्मचारियों ने विपरीत परिस्थितियों के बावजूद भी विद्युत व्यवस्था बहाल की। वितरण केन्द्र प्रभारी कनिष्ठ अभियंता संदीप यादव ने बताया कि अति बारिश और तेज हवा आंधी से ध्वस्त हुई लाइन की जानकारी सहायक अभियंता प्रसून शर्मा और कार्यपालन अभियंता विवेक जशेले को दी गई। उनके द्वारा तत्काल 3 नंबर पी सी सी पोल एवं जरूरी अन्य सामग्री उपलब्ध कराई गई। जल्द से जल्द में विद्युत व्यवस्था बहाल करने के निर्देश पर कनिष्ठ अभियंता के द्वारा



स्टाफ को लेकर मौके पर पहुंच कर क्षतिग्रस्त विद्युत पोल ओर डी पी स्ट्रक्चर को चंद घंटों में ठीक कर विद्युत सप्लाई चालू कर दी गई। इस मौके पर लाइनमैन रामकलेश विश्वकर्मा, अर्जुन ठाकुर, दिनेश अहिरवार, परीक्षण सहायक अशोक आदि कर्मचारी मौके पर उपस्थित रहे ऊर्जा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की इस सराहनीय कार्य के लिए प्रशंसा वन विभाग की टीम और ग्रामीणों की ओर से करते हुए ऊर्जा विभाग का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।कनिष्ठ अभियंता के द्वारा बताया गया कि ऐसी विपरीत परिस्थितियों में कार्य कर उपभोक्ताओं को निर्बाध और सुचारू अटल ज्योति लाइन 24 विद्युत सप्लाई देने के लिए प्रतिबद्ध है। साथ ही अपने सभी से अपील कि कोई भी ऐसा कार्य लोग ना करें जिससे कि विद्युत सप्लाई में परेशानी हो। सभी विभाग को सहयोग प्रदान करें। जिससे सुचारू विद्युत व्यवस्था ऊर्जा विभाग दे सके।

---

## कैबिनेट मंत्री श्री पटेल ने किया मूर्ति का अनावरण एवं विभिन्न लोकार्पण एवं भूमिपूजन

हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

गत दिवस मध्यप्रदेश के कैबिनेट मंत्री एवं स्थानीय विधायक प्रहलाद सिंह पटेल पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल जिला भाजपा अध्यक्ष रामस्नेही पाठक पूर्व राज्यसभा सांसद कैलाश सोनी जिला पंचायत उपाध्यक्ष अनीता ठाकुर नगर पालिका अध्यक्ष सुशीला ममार की उपस्थिति में आयोजित कार्यक्रम में करेली में निर्मित अमृत पार्क का लोकार्पण कर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मूर्ति का अनावरण किया इसके साथ ही अमृत पार्क का शुभारंभ किया इस अवसर पर कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने बताया कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी की सेवा भावना अनुकरणीय है राजनीतिक आसमान के दमकते हुए सितारे है डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी हम सभी को अपने जीवन में समाज के हित ने कार्य करने हेतु लक्ष्य तय करने होंगे हम समाज को क्या बेहतर दे सकते है।

*आयोजित भूमि पूजन लोकार्पण के* *नालियों के निर्माण कार्य (लागत 4.6*





*करेली के सीताराम माल में युवाओं ओर कार्यकर्ताओं से संवाद करते हुए कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने उन्हें समाजसेवा से जुड़े कार्यों को करने एवं जागरूकता लाने के प्रेरित किया एवं उनके सोशल मीडिया के सार्थक उपयोग के संदर्भ में चर्चा की साथ ही उन्होंने गौ सेवा नशा मुक्ति अभियान के साथ साथ अपने क्षेत्र में लगातार सेवा के कार्य कर रहे युवाओं से संवाद कर उन्हें अपना मार्गदर्शन दिया एवं हर संभव मदद की बात कही। करेली जनपद की ग्राम पंचायत इमलिया में कार्यक्रमों ने सहभागिता देते हुए कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद सिंह पटेल ने कहा ग्राम पंचायतों को अपने विकास का मॉडल भविष्य की जरूरतों के अनुरूप बनाना चहिए आपकी हर समस्या का स्थायी समाधान खोजना,और हर नागरिक को एक सुविधाजनक,सुरक्षित और गरिमामय जीवन देना, यही हमारी प्रतिबद्धता है और यही हमारी प्राथमिकता। हमारी सरकार जनसेवा और विकास के संकल्प को सतत रूप से आगे बढ़ाया जा रहा है ग्राम में विकास हेतु सीमेंट सड़कों (लागत 15.23 लाख), लाख) के लोकार्पण एवं सामुदायिक भवन (लागत 47 लाख), आंगनवाड़ी भवन (लागत 7.50 लाख) और मुख्य मार्ग पर नाली (लागत 31लाख) के निर्माण कार्यों का भूमि पूजन कर ग्राम पंचायत के लोगों को बेहतर सुविधा का प्रयास किया जा रहा है उन्होंने लगभग 1 करोड़ की लागत से होने वाले विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन किया। नगर के प्रतिष्ठित व्यक्ति पूर्व पार्षद महेश साहू के सुपुत्र चेतन साहू को सी ए की परीक्षा में दूसरा स्थान प्राप्त होने पर शुभकामनाएं प्रेषित की।*

## वैश्य महासम्मेलन एवं वैश्य विभूति अलंकरण समारोह का आयोजन



हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।

विगत दिवस वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के जिला सम्मेलन में नरसिंह वैश्य विभूति अलंकरण समारोह स्थानीय होटल सावित्री सिग्नेचर में वैश्य महासम्मेलन प्रदेशाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल के मुख्य आतिथ्य, प्रदेश महामंत्री इंजी.सुनील कोठारी, महिला इकाई प्रदेशाध्यक्ष श्रीमती ज्योति जैन के विशिष्ट आतिथ्य व जिलाध्यक्ष अजय जैन की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। उल्लेखनीय है कि समाज सेवा के क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाने वाला वैश्य महासम्मेलन के द्वारा समय-समय पर समाज सेवा के क्षेत्र में श्रेष्ठ कार्य करने वालों का सम्मान किया जाता है, जिससे आने वाली पीढ़ी उसका अनुसरण कर सके। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए प्रदेशाध्यक्ष सुधीर अग्रवाल ने महासम्मेलन के गठन से वर्तमान तक की स्थिति से अवगत कराते हुए कहा कि मध्यप्रदेश में सबसे बड़ा गैर राजनीतिक संगठन वर्तमान में वैश्य महासम्मेलन ही है।

वैश्य वर्ग की अपनी संस्कृति और संस्कारों से अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित है। देश की अर्थव्यवस्था की रीढ कहे जाने वाले वैश्य समाज को अन्य क्षेत्रों में भी आगे आने की आवश्यकता है। प्रदेश महामंत्री इंजी सुनील कोठारी ने कहा कि वैश्य महासम्मेलन सभी वैश्य घटकों का एक परिवार है, हम अपनी आने वाली पीढ़ी को अभी से संगठन में सहभागी कर वैश्य वर्ग के सुदृढ़किरण हेतु निरंतर प्रयासरत रहें। जिला अध्यक्ष अजय जैन ने अपने संबोधन में अतिथियों का स्वागत करते हुए बताया कि देश भर में तीन सौ से अधिक वैश्य घटक हैं, जिसमें से लगभग तीस घटक हमारे जिले में निवासरत हैं, और सभी घटकों की संगठन में सक्रिय सहभागिता है। नरसिंहपुर जिले में के संगठन के माध्यम से वैश्य वर्ग की मजबूती हेतु विविध कार्यक्रम एवं गतिविधियां उत्तरोत्तर प्रगति पथ पर चलायमान है। वैश्य महासम्मेलन मध्यप्रदेश के जिला सम्मेलन नरसिंहपुर में जिले में निवासरत विभिन्न वैश्य घटकों के अध्यक्ष गण सहित धर्म, संस्कृति, शिक्षा, चिकित्सा, पर्यावरण, खेल कूद, पत्रकारिता, राजनैतिक-प्रशासनिक, संगीत, महिला सशक्तिकरण एवं समाज सेवा के विविध क्षेत्रों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले वैश्य बंधुओं एवं मातृ शक्तियों को नरसिंह वैश्य विभूति अलंकरण सम्मान से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला महामंत्री (संगठन) विनीत नेमा एवं नरसिंहपुर तहसील प्रभारी आशीष नेमा तुलसी एवं आभार प्रदर्शन कार्यकारी जिलाध्यक्ष सुधीर जैन के द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिनेंद्र डागा, संभाग उपाध्यक्ष नवनीत चाचा, संभाग संगठन मंत्री अनिल गुप्ता, युवा इकाई संभाग अध्यक्ष इंजी जितेंद्र गुप्ता, जिला प्रभारी बी डी सोनी, महिला इकाई जिलाध्यक्ष सपना जैन, युवा इकाई जिला प्रभारी अमित जैन, युवा इकाई जिलाध्यक्ष आयुष कठल, जिला पदाधिकारी राजेश गुप्ता सहित सभी तहसीलों के पदाधिकारियों व वैश्य बंधुओं व मातृ शक्ति की बड़ी संख्या में उपस्थिति रही।